# TOPPERSEXAM.COM

12-09-2026





# CURRENT AFFAIRS





## HIGHLIGHTS

- INTERNATIONAL NEWS
- NATIONAL AFFAIRS
- BANKING NEWS
- AWARDS NEWS
- DEFENCE NEWS
- SPORTS NEWS
- SCI-TECH NEWS

7891099005, 7891099006

# TOPPERSEXAM.COM

## TODAY NEWS HIGHLIGHT

- दलीप ट्रॉफी 2026-27 में ईस्ट ज़ोन की जीत
- शीतल देवी ने हुंडई वर्ल्ड आर्चरी पैरा सीरीज में जीता पहला व्यक्तिगत स्वर्ण
- SEBI ने JPMorgan की सहायक कंपनी Copthall पर ट्रेडिंग प्रतिबंध हटाया
- भारत ने स्वदेशी समुद्री अनुसंधान क्षमता बढ़ाने के लिए 'ORV सागर मंथन' का अनावरण किया
- कर्नाटक की एयरोस्पेस नीति 2026-31 और संतुलित औद्योगिक विकास की नई पहल
- TRISHNA मिशन—भारत-फ्रांस का संयुक्त पृथ्वी अवलोकन मिशन
- UIDAI ने आधार फेस ऑथेंटिकेशन SDK और Sandbox लॉन्च किया
- विश्व प्राथमिक चिकित्सा दिवस—आपातकालीन स्थितियों में प्राथमिक उपचार का महत्व

TOPPERSEXAM.COM

### 1. दलीप ट्रॉफी 2026-27 मे ईस्ट ज़ोन की जीत



10 सितंबर 2026 को चेन्नई के चेपॉक में दलीप ट्रॉफी 2026-27 का फाइनल ईस्ट ज़ोन और साउथ ज़ोन के बीच ड्रॉ रहा, लेकिन पहली पारी की बढ़त के आधार पर ईस्ट ज़ोन ने खिताब जीता। साउथ ज़ोन की पहली पारी 336 रन पर सिमट गई, जबकि ईस्ट ज़ोन ने दूसरी पारी में 388/7 पर पारी घोषित की। झारखंड के ऑलराउंडर कौनाइन कुरैशी ने प्रथम श्रेणी पदार्पण में नाबाद 116 रन बनाए और अनुकूल रॉय के साथ 150 रन की साझेदारी की। ईस्ट ज़ोन के कप्तान ईशान किशन ने 270 और 80 रन बनाए तथा 409 रन के साथ टूर्नामेंट के सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे।

### 2. शीतल देवी ने हुंडई वर्ल्ड आर्चरी पैरा सीरीज मे जीता पहला व्यक्तिगत स्वर्ण



भारत की पैरा तीरंदाज शीतल देवी ने अहमदाबाद में हुंडई वर्ल्ड आर्चरी पैरा सीरीज की कंपाउंड महिला व्यक्तिगत स्पर्धा में अपना पहला व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीता। फाइनल में उन्होंने कजाकिस्तान की आइजादा सेदान को शूट-ऑफ में X-रिंग पर निशाना लगाकर हराया। भारत की सरिता ने इसी स्पर्धा में कांस्य पदक जीता, जबकि हरविंदर सिंह और भावना ने रिकर्व मिश्रित टीम स्पर्धा में चीन को 6-0 से हराकर स्वर्ण जीता। हरविंदर सिंह ने रिकर्व पुरुष वर्ग में भी स्वर्ण पदक हासिल किया, जिससे प्रतियोगिता में भारत का प्रदर्शन शानदार रहा।

### 3. SEBI ने JPMorgan की सहायक कंपनी Copthall पर ट्रेडिंग प्रतिबंध हटाया




SEBI ने JPMorgan की सहायक कंपनी Copthall Mauritius Investment Ltd. पर लगा ट्रेडिंग प्रतिबंध ₹2.96 करोड़ जमा करने के बाद हटा दिया। SEBI ने Copthall और Mansi Share & Stock Broking पर BSE Closing Auction में हेरफेर कर Sensex के मूल्य को प्रभावित करने का आरोप लगाया था। प्रतिबंध हटने के बावजूद दोनों कंपनियों के खिलाफ SEBI की जांच जारी है और उन्हें अपना पक्ष रखने का अवसर दिया गया है। यह मामला बाजार में पारदर्शिता, उचित मूल्य-निर्धारण, डेरिवेटिव्स और निवेशक संरक्षण के लिए SEBI की नियामक भूमिका को रेखांकित करता है।

### 4. भारत ने स्वदेशी समुद्री अनुसंधान क्षमता बढ़ाने के लिए 'ORV सागर मंथन' का अनावरण किया




9 सितंबर 2026 को कोलकाता में ₹840 करोड़ की लागत से निर्मित अत्याधुनिक Oceanographic Research Vessel (ORV) 'सागर मंथन' का अनावरण किया गया, जिसे GRSE ने NCPOR के लिए विकसित किया है। यह पोत जलवायु परिवर्तन, समुद्र विज्ञान, गहरे समुद्र के भूविज्ञान और समुद्री पारिस्थितिकी जैसे क्षेत्रों में बहुविषयक अनुसंधान करेगा तथा लगभग 30 वर्षों तक संचालन के लिए डिजाइन किया गया है। 'सागर मंथन' Deep Ocean Mission के तहत हिंद महासागर के Mid-Oceanic Ridge और समुद्री खनिज संसाधनों के सर्वेक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## 5. कर्नाटक की एयरोस्पेस नीति 2026-31 और संतुलित औद्योगिक विकास की नई पहल



कर्नाटक मंत्रिमंडल ने Karnataka Aerospace Policy 2026-31 को अंतिम रूप दिया, जिसका उद्देश्य एयरोस्पेस निवेश, विनिर्माण और रोजगार को बढ़ावा देना है। पिछड़े तालुकों में निवेश पर 10% और अति-पिछड़े तालुकों में 20% तक प्रोत्साहन दिया जाएगा, विशेषकर एयरोस्पेस, रक्षा, EV, इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर क्षेत्रों में। 'श्रमिक निवास' योजना के तहत प्रारंभिक चरण में 10,000 आवास बनाए जाएंगे तथा रोजगार सृजन के लिए प्रति कर्मचारी दो वर्षों तक ₹2,500 का प्रोत्साहन प्रस्तावित है।

## 6. TRISHNA मिशन—भारत-फ्रांस का संयुक्त पृथ्वी अवलोकन मिशन



TRISHNA भारत और फ्रांस का संयुक्त पृथ्वी अवलोकन मिशन है, जिसे ISRO और CNES द्वारा विकसित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य पृथ्वी की सतह के तापमान और पर्यावरणीय परिवर्तनों का उच्च-रिज़ॉल्यूशन अध्ययन करना है। इसमें CNES का TIR पेलोड और ISRO का VNIR-SWIR पेलोड होगा, जो सतह के तापमान, उत्सर्जन क्षमता, परावर्तन तथा विकिरण संबंधी आंकड़े उपलब्ध कराएंगे। मिशन जल संकट, कृषि, सिंचाई, सूखा, शहरी ताप द्वीप, ग्लेशियर, जल निकायों और वायुमंडलीय मापदंडों के अध्ययन में उपयोगी होगा। TRISHNA को लगभग 761 किमी ऊंचाई वाली Sun-Synchronous Orbit में स्थापित किया जाएगा, जिसका भूमि पर 57 मीटर और महासागर/ध्रुवीय क्षेत्रों में लगभग 1 किमी स्थानिक रिज़ॉल्यूशन तथा 5 वर्ष का नियोजित मिशन जीवन है।

## 7. UIDAI ने आधार फेस ऑथेंटिकेशन SDK और Sandbox लॉन्च किया




UIDAI ने Global Fintech Fest 2026 में Aadhaar Face Authentication SDK और Sandbox लॉन्च किए, जिससे बैंक, बीमा और FinTech संस्थाएं अपने ऐप में सीधे आधार फेस ऑथेंटिकेशन जोड़ सकेंगी। SDK Android और iOS दोनों को सपोर्ट करता है, जिससे उपयोगकर्ताओं को अलग ऐप पर जाकर प्रमाणीकरण करने की आवश्यकता नहीं होगी। Sandbox में Consent, Face Capture, Liveness Detection, Error Handling और Anti-Spoofing जैसी प्रक्रियाओं का सुरक्षित परीक्षण किया जा सकता है।

## 8. विश्व प्राथमिक चिकित्सा दिवस—आपातकालीन स्थितियों मे प्राथमिक उपचार का महत्व




विश्व प्राथमिक चिकित्सा दिवस प्रत्येक वर्ष सितंबर के दूसरे शनिवार को मनाया जाता है और 2026 में यह 12 सितंबर को मनाया जाएगा। इसका उद्देश्य लोगों को First Aid का प्रशिक्षण देकर दुर्घटनाओं और आपात स्थितियों में तत्काल सहायता प्रदान करने के लिए सक्षम बनाना है। आपदाओं के दौरान First Aid और Basic Life Support (BLS) जीवन बचाने तथा गंभीर चोटों को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। भारत में स्कूलों, कार्यस्थलों और समुदायों में प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण बढ़ाना Public Health, Disaster Preparedness और Community Resilience को मजबूत कर सकता है।

TOPPERSEXAM.COM

**1. दलीप ट्रॉफी 2026-27 का खिताब किसने जीता ?**

A - साउथ ज़ोन
B - ईस्ट ज़ोन
C - नॉर्थ ज़ोन
D - वेस्ट ज़ोन


10 सितंबर 2026 को चेन्नई के चेपॉक मे दलीप ट्रॉफी 2026-27 का फाइनल ड्रॉ रहा, लेकिन पहली पारी मे बढ़त के आधार पर ईस्ट ज़ोन ने खिताब जीता। कौनाइन कुरैशी ने पदार्पण मे नाबाद 116 रन बनाए, जबकि कप्तान ईशान किशन ने 270 और 80 रन बनाकर टूर्नामेंट मे सर्वाधिक 409 रन बनाए।



**2. शीतल देवी ने हुंडई वर्ल्ड आर्चरी पैरा सीरीज मे किस स्पर्धा मे स्वर्ण पदक जीता ?**

A - रिकर्व महिला व्यक्तिगत
B - कंपाउंड महिला व्यक्तिगत
C - कंपाउंड मिश्रित टीम
D - रिकर्व महिला टीम

भारत की पैरा तीरंदाज शीतल देवी ने अहमदाबाद मे हुंडई वर्ल्ड आर्चरी पैरा सीरीज की कंपाउंड महिला व्यक्तिगत स्पर्धा मे अपना पहला व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीता और शूट-ऑफ मे कजाकिस्तान की आइजादा सेदान को हराया। भारत की सरिता ने कांस्य, जबकि हरविंदर सिंह और भावना ने रिकर्व मिश्रित टीम मे स्वर्ण पदक जीता; हरविंदर ने रिकर्व पुरुष वर्ग मे भी स्वर्ण हासिल किया।



**3. SEBI ने किस कंपनी पर लगा ट्रेडिंग प्रतिबंध हटाया ?**

A - Mansi Share & Stock Broking
B - Copthall Mauritius Investment Ltd.
C - JPMorgan India Pvt. Ltd.
D - BSE Ltd.

SEBI ने JPMorgan की सहायक कंपनी Copthall Mauritius Investment Ltd. पर लगा ट्रेडिंग प्रतिबंध ₹2.96 करोड़ जमा करने के बाद हटा दिया, लेकिन बाजार हेरफेर के आरोपों की जांच जारी है। Copthall और Mansi Share & Stock Broking पर BSE Closing Auction मे Sensex के मूल्य को प्रभावित करने का आरोप है, जिससे बाजार पारदर्शिता और निवेशक संरक्षण का महत्व सामने आता है।




**4. 'सागर मंथन' किस प्रकार का पोत है ?**

A - युद्धपोत
B - पनडुब्बी
C - Oceanographic Research Vessel
D - मालवाहक पोत

9 सितंबर 2026 को कोलकाता मे GRSE द्वारा NCPOR के लिए निर्मित ₹840 करोड़ के अत्याधुनिक Oceanographic Research Vessel 'सागर मंथन' का अनावरण किया गया, जो समुद्री एवं जलवायु अनुसंधान मे उपयोगी होगा। यह Deep Ocean Mission के तहत हिंद महासागर के Mid-Oceanic Ridge और समुद्री खनिज संसाधनों के सर्वेक्षण मे मदद करेगा तथा जलवायु अध्ययन, सुनामी पूर्वानुमान और Blue Economy को मजबूत करेगा।



**5. अति-पिछड़े तालुकों मे निवेश करने पर कितने प्रतिशत तक प्रोत्साहन दिया जाएगा ?**

A - 5%
B - 10%
C - 15%
**D - 20%**


कर्नाटक मंत्रिमंडल ने Aerospace Policy 2026-31 को मंजूरी दी, जिसमे पिछड़े तालुकों मे 10% और अति-पिछड़े तालुकों मे 20% तक औद्योगिक प्रोत्साहन तथा 10,000 श्रमिक आवास का प्रावधान है। एयरोस्पेस, रक्षा, EV, इलेक्ट्रॉनिक्स व सेमीकंडक्टर के साथ रोजगार और स्वास्थ्य सुविधाओं पर जोर देते हुए तालुक अस्पतालों के डिजिटलीकरण हेतु ₹40.5 करोड़ मंजूर किए गए।



**6. TRISHNA मिशन किन दो अंतरिक्ष एजेंसियों का संयुक्त मिशन है ?**

A - ISRO और NASA
B - ISRO और ESA
**C - ISRO और CNES**
D - CNES और JAXA

TRISHNA भारत-फ्रांस का संयुक्त पृथ्वी अवलोकन मिशन है, जिसे ISRO और CNES विकसित कर रहे है; यह पृथ्वी की सतह के तापमान, उत्सर्जन क्षमता और पर्यावरणीय बदलावों का उच्च-रिज़ॉल्यूशन अध्ययन करेगा। यह जल संकट, कृषि, सूखा, शहरी ताप द्वीप और ग्लेशियरों की निगरानी मे उपयोगी होगा तथा लगभग 761 किमी ऊंचाई की Sun-Synchronous Orbit मे 5 वर्षों के लिए संचालित किया जाएगा।



**7. UIDAI ने Aadhaar Face Authentication SDK और Sandbox कहाँ लॉन्च किए ?**

A - India Mobile Congress
**B - Global Fintech Fest 2026**
C - Digital India Summit
D - India AI Summit

UIDAI ने Global Fintech Fest 2026 मे Aadhaar Face Authentication SDK और Sandbox लॉन्च किए, जिससे बैंक, बीमा और FinTech संस्थाएं Android व iOS ऐप मे सीधे फेस ऑथेंटिकेशन जोड़ सकेंगी। 2021 मे शुरू हुई इस तकनीक से अब तक 500 करोड़ से अधिक प्रमाणीकरण हो चुके है और इसका उपयोग DBT, e-KYC, Jeevan Pramaan तथा PM-KISAN जैसी सेवाओं मे किया जा रहा है।




**8. विश्व प्राथमिक चिकित्सा दिवस प्रत्येक वर्ष कब मनाया जाता है ?**

A - सितंबर का पहला शनिवार
**B - सितंबर का दूसरा शनिवार**
C - सितंबर का तीसरा शनिवार
D - सितंबर का अंतिम शनिवार

विश्व प्राथमिक चिकित्सा दिवस प्रत्येक वर्ष सितंबर के दूसरे शनिवार को मनाया जाता है और 2026 मे यह 12 सितंबर को मनाया जाएगा, जिसका उद्देश्य आपात स्थितियों मे त्वरित सहायता के लिए लोगों को प्रशिक्षित करना है। First Aid और BLS आपदाओं मे जीवन बचाने तथा गंभीर चोटों को कम करने मे सहायक है, जबकि भारत मे इसका प्रशिक्षण Public Health, Disaster Preparedness और Community Resilience को मजबूत करता है।



# One Liner

1. 'सागर मंथन' Oceanographic Research Vessel को किस भारतीय शिपयार्ड ने विकसित किया है ? - GRSE (Garden Reach Shipbuilders and Engineers)

2. विश्व प्राथमिक चिकित्सा दिवस 2026 मे किस तारीख को मनाया जाएगा ? - 12 सितंबर

3. दलीप ट्रॉफी 2026-27 का खिताब पहली पारी की बढ़त के आधार पर किस जोन ने जीता ? - ईस्ट ज़ोन

4. TRISHNA मिशन भारत की किस अंतरिक्ष एजेसी और फ्रांस की किस एजेसी का संयुक्त मिशन है ? - ISRO और CNES

5. Karnataka Aerospace Policy 2026-31 के तहत अति-पिछड़े तालुकों मे निवेश पर कितने प्रतिशत तक प्रोत्साहन प्रस्तावित है ? - 20%

6. SEBI ने JPMorgan की किस सहायक कंपनी पर लगा ट्रेडिंग प्रतिबंध हटाया ? - Copthall Mauritius Investment Ltd.

7. UIDAI के Aadhaar Face Authentication SDK मे किस तकनीक का उपयोग Anti-Spoofing के लिए किया गया है ? - AI/ML आधारित Liveness Detection

8. शीतल देवी ने हुंडई वर्ल्ड आर्चरी पैरा सीरीज मे किस स्पर्धा मे स्वर्ण पदक जीता ? - कंपाउंड महिला व्यक्तिगत

9. दलीप ट्रॉफी फाइनल मे कौनाइन कुरैशी ने कितने रन की नाबाद पारी खेली ? - 116 रन

10. शीतल देवी ने फाइनल के शूट-ऑफ मे किस रिंग पर निशाना लगाकर जीत हासिल की ? - X-रिंग

# TOPPERSEXAM.COM

12-09-2026





# CURRENT AFFAIRS





## HIGHLIGHTS

- INTERNATIONAL NEWS
- NATIONAL AFFAIRS
- BANKING NEWS
- AWARDS NEWS
- DEFENCE NEWS
- SPORTS NEWS
- SCI-TECH NEWS

7891099005, 7891099006

## TODAY NEWS HIGHLIGHT

- East Zone wins Duleep Trophy 2026-27
- Sheetal Devi wins first individual gold at Hyundai World Archery Para Series
- SEBI lifts trading ban on JPMorgan subsidiary Copthall
- India unveils ORV Sagar Manthan to enhance indigenous ocean research capability
- Karnataka Aerospace Policy 2026-31 and New Initiatives for Balanced Industrial Growth
- TRISHNA Mission—Indo-French joint Earth observation mission
- UIDAI launches Aadhaar Face Authentication SDK and Sandbox
- World First Aid Day—The importance of first aid in emergencies

## 1. East Zone Wins Duleep Trophy 2026-27

The Duleep Trophy 2026-27 final between East Zone and South Zone at Chepauk, Chennai, ended in a draw on September 10, 2026; however, East Zone clinched the title based on a first-innings lead. South Zone was bowled out for 336 in their first innings, while East Zone declared their innings at 388/7. Jharkhand all-rounder Kaunain Quraishi scored an unbeaten 116 on his first-class debut and shared a 150-run partnership with Anukul Roy. East Zone captain Ishan Kishan scored 270 and 80 runs, finishing as the tournament's highest run-scorer with a total of 409 runs.



## 2. Sheetal Devi Wins First Individual Gold at Hyundai World Archery Para Series

Indian para-archer Sheetal Devi won her first individual gold medal in the compound women's individual event at the Hyundai World Archery Para Series in Ahmedabad. In the final, she defeated Kazakhstan's Aizada Sedan in a shoot-off by hitting the X-ring. India's Sarita won the bronze medal in the same event, while Harvinder Singh and Bhavana secured gold in the recurve mixed team event by defeating China 6-0. Harvinder Singh also clinched the gold medal in the recurve men's category, marking a stellar performance by India in the competition.



## 3. SEBI Lifts Trading Ban on JPMorgan Subsidiary Copthall

SEBI has lifted the trading ban imposed on Copthall Mauritius Investment Ltd., a subsidiary of JPMorgan, following the deposit of ₹2.96 crore. SEBI had accused Copthall and Mansi Share & Stock Broking of manipulating the BSE Closing Auction to influence the value of the Sensex. Despite the lifting of the ban, SEBI's investigation into both companies continues, and they have been granted an opportunity to present their side. This case underscores SEBI's regulatory role in ensuring market transparency, fair pricing, integrity in derivatives trading, and investor protection.




## 4. India Unveils 'ORV Sagar Manthan' to Boost Indigenous Marine Research Capabilities

On September 9, 2026, the state-of-the-art Oceanographic Research Vessel (ORV) 'Sagar Manthan' was unveiled in Kolkata. Built at a cost of ₹840 crore, the vessel was developed by GRSE for NCPOR. Designed for a service life of approximately 30 years, it will conduct multidisciplinary research in fields such as climate change, oceanography, deep-sea geology, and marine ecology. 'Sagar Manthan' will play a pivotal role in surveying the Mid-Oceanic Ridge in the Indian Ocean and exploring marine mineral resources under the Deep Ocean Mission.



TOPPERSEXAM.COM


### 5. Karnataka Aerospace Policy 2026-31 and New Initiatives for Balanced Industrial Development

The Karnataka Cabinet finalized the Karnataka Aerospace Policy 2026-31, aiming to boost aerospace investment, manufacturing, and employment. Incentives of up to 10% for investments in backward taluks and up to 20% in most-backward taluks will be provided, particularly in the aerospace, defense, EV, electronics, and semiconductor sectors. Under the 'Shramik Niwas' scheme, 10,000 housing units will be constructed in the initial phase, and an incentive of ₹2,500 per employee for two years is proposed to foster job creation.



### 6. TRISHNA Mission—India-France Joint Earth Observation Mission

TRISHNA is a joint Earth observation mission between India and France, being developed by ISRO and CNES, aimed at conducting high-resolution studies of Earth's surface temperature and environmental changes. It will feature a TIR payload from CNES and a VNIR-SWIR payload from ISRO, providing data on surface temperature, emissivity, reflectance, and radiation. The mission will be useful for studying water scarcity, agriculture, irrigation, drought, urban heat islands, glaciers, water bodies, and atmospheric parameters.



### 7. UIDAI Launches Aadhaar Face Authentication SDK and Sandbox

UIDAI launched the Aadhaar Face Authentication SDK and Sandbox at the Global Fintech Fest 2026, enabling banks, insurance companies, and FinTech entities to integrate Aadhaar face authentication directly into their apps. The SDK supports both Android and iOS, eliminating the need for users to switch to a separate app for authentication. The Sandbox allows for the secure testing of processes such as consent, face capture, liveness detection, error handling, and anti-spoofing.




### 8. World First Aid Day—The Importance of First Aid in Emergency Situations

World First Aid Day is observed annually on the second Saturday of September; in 2026, it will be celebrated on September 12. Its objective is to empower people to provide immediate assistance during accidents and emergencies by training them in first aid. During disasters, First Aid and Basic Life Support (BLS) play a crucial role in saving lives and mitigating the severity of injuries. Expanding first aid training in schools, workplaces, and communities across India can strengthen public health, disaster preparedness, and community resilience.




Contact No. - 7891099005, 7891099006

**1. Who won the 2026-27 Duleep Trophy title?**

A - South Zone
B - East Zone
C - North Zone
D - West Zone


The final of the 2026-27 Duleep Trophy, held at Chepauk, Chennai, on September 10, 2026, ended in a draw; however, East Zone won the title based on a first-innings lead. Kaunain Qureshi scored an unbeaten 116 on his debut, while captain Ishan Kishan scored 270 and 80 runs, amassing a tournament-high total of 409 runs.



**2. In which event did Sheetal Devi win a gold medal at the Hyundai World Archery Para Series?**

A - Recurve Women's Individual
B - Compound Women's Individual
C - Compound Mixed Team
D - Recurve Women's Team

Indian para-archer Sheetal Devi won her first individual gold medal in the Compound Women's Individual event at the Hyundai World Archery Para Series in Ahmedabad, defeating Kazakhstan's Aizada Sedan in a shoot-off. India's Sarita won bronze, while Harvinder Singh and Bhavana won gold in the Recurve Mixed Team event; Harvinder also secured gold in the Recurve Men's category.



**3. Which company's trading ban was lifted by SEBI?**

A - Mansi Share & Stock Broking
B - Copthall Mauritius Investment Ltd.
C - JPMorgan India Pvt. Ltd.
D - BSE Ltd.

SEBI lifted the trading ban imposed on Copthall Mauritius Investment Ltd., a subsidiary of JPMorgan, after the deposit of ₹2.96 crore; however, the investigation into allegations of market manipulation continues. Copthall and Mansi Share & Stock Broking are accused of influencing the Sensex value during the BSE closing auction, highlighting the importance of market transparency and investor protection.




**4. What type of vessel is 'Sagar Manthan'?**

A - Warship
B - Submarine
C - Oceanographic Research Vessel
D - Cargo vessel

On September 9, 2026, 'Sagar Manthan'—a state-of-the-art Oceanographic Research Vessel built by GRSE for NCPOR at a cost of ₹840 crore—was unveiled in Kolkata; it will be instrumental in marine and climate research. Under the Deep Ocean Mission, it will assist in surveying the Mid-Oceanic Ridge of the Indian Ocean and marine mineral resources, while also strengthening climate studies, tsunami forecasting, and the Blue Economy.



**5. What percentage of incentive will be provided for investments in 'most backward' taluks?**

A - 5%
B - 10%
C - 15%
**D - 20%**


The Karnataka Cabinet approved the Aerospace Policy 2026-31, which includes provisions for industrial incentives of up to 10% in backward taluks and 20% in most backward taluks, as well as the construction of 10,000 worker housing units. ₹40.5 crore was sanctioned for the digitization of taluk hospitals, with an emphasis on employment and health facilities alongside sectors like aerospace, defense, EV, electronics, and semiconductors.



**6. The TRISHNA mission is a joint mission between which two space agencies?**

A - ISRO and NASA
B - ISRO and ESA
**C - ISRO and CNES**
D - CNES and JAXA

TRISHNA is a joint India-France Earth observation mission being developed by ISRO and CNES; it will conduct high-resolution studies of Earth's surface temperature, emissivity, and environmental changes. It will be useful for monitoring water scarcity, agriculture, drought, urban heat islands, and glaciers, and will operate for 5 years in a Sun-Synchronous Orbit at an altitude of approximately 761 km.



**7. Where did UIDAI launch the Aadhaar Face Authentication SDK and Sandbox?**

A - India Mobile Congress
**B - Global Fintech Fest 2026**
C - Digital India Summit
D - India AI Summit

UIDAI launched the Aadhaar Face Authentication SDK and Sandbox at the Global Fintech Fest 2026, enabling banks, insurance companies, and FinTech entities to directly integrate face authentication into Android and iOS applications. Since its inception in 2021, this technology has facilitated over 5 billion (500 crore) authentications and is being utilized in services such as DBT, e-KYC, Jeevan Pramaan, and PM-KISAN.




**8. When is World First Aid Day observed every year?**

A - First Saturday of September
**B - Second Saturday of September**
C - Third Saturday of September
D - Last Saturday of September

World First Aid Day is observed annually on the second Saturday of September; in 2026, it will be celebrated on September 12. The day aims to train people to provide immediate assistance during emergencies. First Aid and BLS are instrumental in saving lives and mitigating the severity of injuries during disasters, while training in these areas strengthens public health, disaster preparedness, and community resilience in India.



# One Liner

1. How many runs did Kaunain Qureshi score in his unbeaten innings during the Duleep Trophy final? - 116 runs

2. Under the Karnataka Aerospace Policy 2026-31, what percentage of incentive is proposed for investments in extremely backward taluks? - 20%

3. The TRISHNA mission is a joint venture between India's space agency and the space agency of which country? - ISRO and CNES

4. Which Indian shipyard developed the 'Sagar Manthan' oceanographic research vessel? - GRSE (Garden Reach Shipbuilders and Engineers)

5. Which JPMorgan subsidiary had its trading ban lifted by SEBI? - Copthall Mauritius Investment Ltd.

6. Which technology is used for anti-spoofing in UIDAI's Aadhaar Face Authentication SDK? - AI/ML-based Liveness Detection

7. Which ring did Sheetal Devi hit in the final's shoot-off to secure the victory? - X-ring

8. In which event did Sheetal Devi win a gold medal at the Hyundai World Archery Para Series? - Compound Women's Individual

9. Which zone won the 2026-27 Duleep Trophy title based on the first-innings lead? - East Zone

10. On which date will World First Aid Day be observed in 2026? - September 12